दिनांक 29.10.2026
प्रेस विज्ञप्ति 552/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद हापुड़/थाना हापुड़ देहात

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद**

दिनांक 29.10.2026 को थाना हापुड़ देहात पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ततारपुर गोल चक्कर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त शाह आलम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना हापुड़ देहात पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–शाह आलम निवासी ग्राम सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ।

बरामदगी

1–01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा।

जनपद हापुड़/थाना बाबूगढ़

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 28/29.10.2026 को थाना बाबूगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम श्यामपुर जट्ट से आरिफपुर मड़ैया की तरफ जाने वाले रास्ते से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–मुनव्वर 2–अरमान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना बाबूगढ़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–मुनव्वर निवासी कस्बा शिवालखास थाना जानी जनपद मेरठ।

2–अरमान निवासी खुशबाशन ग्राम शाहजहाँपुर थाना किठौर जनपद मेरठ।

बरामदगी

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस

जनपद मेरठ/थाना गंगानगर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सफेद धातु के सिक्के व प्राचीन धातु मुद्रा**
- **चोरी के 03 लाख 56 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 29.10.2026 को थाना गंगानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–जितेन्द्र कुमार 2–मनीष कुमार उर्फ मन्नू एंव दो अभियुक्ता को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सफेद धातु के सिक्के व प्राचीन धातु मुद्रा, चोरी के 03 लाख 56 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.10.2026 को थाना गंगानगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गंगानगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गंगानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–जितेन्द्र कुमार निवासी ग्राम कपसाढ़ थाना सरधना जनपद मेरठ।

2–मनीष कुमार उर्फ मन्नू निवासी ग्राम रणखण्डी थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर।

3–दो अभियुक्ता।

बरामदगी

1–लगभग 02 करोड़ रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, सफेद धातु के सिक्के व प्राचीन धातु मुद्रा।

2–चोरी के 03 लाख 56 हजार रूपये नगद आदि।

जनपद मुजफ्फरनगर/थाना शाहपुर

- **अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **06 अवैध विदेशी पिस्टल .32 बोर**
- **03 अवैध तमंचा, 01 अवैध मस्कट मय 05 जीवित कारतूस 315 बोर आदि बरामद**

दिनांक 29.10.2026 को थाना शाहपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सोरम गेट नं0–2 के पास से अवैध शस्त्र की तस्करी कर रहे 04 अभियुक्तों 1–आकाश उर्फ शुगनू 2–सनी 3–निखिल उर्फ निक्की 4–शुभम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 06 अवैध विदेशी पिस्टल .32 बोर, 03 अवैध तमंचा, 01 अवैध मस्कट मय 05 जीवित कारतूस 315 बोर आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त आकाश उर्फ शुगनू शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, बिनजौर व मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–आकाश उर्फ शुगनू निवासी ग्राम बपारसी थाना सरधना जनपद मेरठ।

2–सनी निवासी अटेरना थाना सरधना जनपद मेरठ।

3—निखिल उर्फ निक्की निवासी ग्राम पथौली थाना सरूरपुर नगर जनपद मेरठ।

4—शुभम निवासी अटेरना थाना सरधना जनपद मेरठ।

बरामदगी

1—06 अवैध विदेशी पिस्टल .32 बोर।

2—03 अवैध तमंचा, 01 अवैध मस्कट मय 05 जीवित कारतूस 315 बोर आदि।

- **जनपद आजमगढ़/थाना रानी की सराय (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 09 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 74—74 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना रानी की सराय पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/149/307/148/323/504/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1—विपिन 2—राजेश 3—चुन्नू उर्फ रणविजय 4—छोटू उर्फ पंकज 5—बलवन्त 6—लोकनाथ 7—जीवन प्रकाश 8—शिवदास 9—अरविन्द को आजीवन कारावास व 74—74 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद सिद्धार्थनगर/थाना त्रिलोकपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना त्रिलोकपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 65(2) बीएनएस सपठित धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त राजेश कुमार को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद सहारनपुर/थाना देवबंद (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सहारनपुर द्वारा थाना देवबंद पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त 1—सोनू 2—हिमांशु को धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 50—50 हजार रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त 3—नितेश को धारा 302/34 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 70 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————